संख्या–cm-194
**08/07/2024**

# मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर राज्यस्तरीय वन महोत्सव–2024 का किया शुभारंभ

पटना, 08 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास, 01 अणे मार्ग में मालदाह आम के पौधा का रोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव–2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना योगदान दें। राज्य में हरित आवरण क्षेत्र बढ़ाने के लिए वर्ष 2012 से पौधारोपण शुरु किया गया। उसके बाद वर्ष 2019 में जल–जीवन–हरियाली अभियान की शुरुआत कर इसको और आगे बढ़ाया गया।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस अभियान के तहत व्यक्ति विशेष को 05 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******